पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

NAAC ACCREDITED "A"

क्रमांकः 4736/अका./का.प./2017 रायपुर, दिनांक :24/08/2017

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की ईकतीसवीं* बैठक गुरुवार, दिनांक 24.08.2017 को अपराह् 3:00 बजे कुलपति सचिवालय के बैठक कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः

1. प्रो. एस.के. पाण्डेय, कुलपति – अध्यक्ष
2. डॉ. शैलेन्द्र सराफ – सदस्य
3. डॉ. (श्रीमती) शैल शर्मा – सदस्य
4. डॉ. (श्रीमती) मोयना चक्रवर्ती – सदस्य
5. डॉ. के.एल. वर्मा – सदस्य
6. डॉ. सोम कुमार चटर्जी – सदस्य
7. डॉ. नरेन्द्र पटनायक – सदस्य
8. डॉ. चन्द्र शेखर चौबे – सदस्य
9. श्री चंद्र कुमार चन्द्राकर – सदस्य
10. डॉ. डी.एन. वर्मा – सदस्य
11. श्री एस.के. चक्रवर्ती – सदस्य
12. श्री ललित सुरजन – सदस्य
13. डॉ. लक्ष्मीकांत भारती – सदस्य
14. श्री धर्मेश कुमार साहू (I.A.S.) कुलसचिव – सचिव

**कार्यवृत्त :**

## विषय सूची

01. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक, दिनांक **07.07.2017** के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

निर्णय : **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 07.07.2017 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि प्रदान की गई।**

02. विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक **07.07.2017** के कार्यवाही विवरण पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय : **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 07.07.2017 की बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण किया गया।**

* स्वर्ण जयंती वर्ष 2014 से

03. विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक **05.08.2017** के कार्यवृत का अनुमोदन करना ।

**निर्णय : विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 05.08.2017 के कार्यवृत का अनुमोदन किया गया।**

**<u>वित्त विभाग से संबंधित प्रस्ताव</u> :–**

04. डॉ. (श्रीमती) जेड.टी.खान, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, भूगोल अध्ययनशाला को अवकाश नगदीकरण की राशि रूपये 8,98,690/–(आठ लाख अंठानबे हजार छः सौ नब्बे) की भुगतान की स्वीकृति प्रदान करना।

**निर्णय : डॉ. (श्रीमती) जेड.टी.खान, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, भूगोल अध्ययनशाला को अवकाश नगदीकरण की राशि रूपये 8,98,690/–(आठ लाख अंठानबे हजार छः सौ नब्बे) की भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।**

**<u>कॅम्प्युटर अध्ययनशाला से संबंधित प्रस्ताव</u> :–**

05. PRSU Servers Anti-Virus Server (400. User) की मौजूदा (वार्षिक रख–रखाव) को आगामी तीन माह (अगस्त, 2017 से अक्टूबर, 2017) तक बढ़ाये जाने पर विचार करना।

**निर्णय : PRSU Servers Anti-Virus Server (400. User) की मौजूदा (वार्षिक रख–रखाव) को आगामी तीन माह (अगस्त, 2017 से अक्टूबर, 2017) तक बढ़ाये जाने का अनुमोदन किया गया।**

**<u>विकास विभाग से संबंधित प्रस्ताव</u> :–**

06. विश्वविद्यालय परिसर एवं भवनों की सुरक्षा–व्यवस्था का कार्य एक वर्ष के लिए DPC एवं CPC द्वारा की गई अनुशंसा का अनुमोदन करना।

**निर्णय : विश्वविद्यालय परिसर एवं भवनों की सुरक्षा–व्यवस्था का कार्य एक वर्ष के लिए DPC एवं CPC द्वारा की गई अनुशंसा का अनुमोदन किया गया।**

07. विश्वविद्यालय परिसर एवं भवनों की साफ–सफाई व्यवस्था का कार्य एक वर्ष के लिए DPC एवं CPC द्वारा की गई अनुशंसा का अनुमोदन करना।

**निर्णय : विश्वविद्यालय परिसर एवं भवनों की साफ–सफाई व्यवस्था का कार्य एक वर्ष के लिए DPC एवं CPC द्वारा की गई अनुशंसा का अनुमोदन किया गया।**

08. Scanning, Digitization and Computer Based Answer Book Evaluation कार्य के संबंध में।

**निर्णय : Scanning, Digitization and Computer Based Answer Book Evaluation कार्य के संबंध में मेसर्स Apech Limited Mumbai से प्राप्त दर रु. 21.71 (इक्कसी रुपये इकहत्तर पैसे) की दर से कार्य का अनुमोदन किया गया।**

गोपनीय एवं परीक्षा से संबंधित प्रस्ताव :– .

09 विश्वविद्यालय की वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षा–2016 के पुर्नमूल्यांकन एवं पैनलमूल्यांकन में समन्वयक के द्वारा बरती गई अनियमितता एवं लापरवाही के संबंध में गठित जांच समिति के निष्कर्ष एवं वित्तीय अनियमितता/आपत्तियों के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **विश्वविद्यालय की वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षा–2016 के पुर्नमूल्यांकन एवं पैनलमूल्यांकन में समन्वयक के द्वारा बरती गई अनियमितता एवं लापरवाही के संबंध में गठित जांच समिति के निष्कर्ष एवं वित्तीय अनियमितता/आपत्तियों के संबंध में विचार करते हुए संलग्न अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जाने का अनुमोदन किया गया एवं निम्नलिखित 3 सदस्यों की जाँच समिति का गठन किया गया –**

**(1) श्री एस.आई. शाह, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायपुर**

**(2) प्रो. आर.जी. भावे, सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़**

**(3) श्री ललित सुरजन, सदस्य कार्यपरिषद्, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर**

10. टाकेश्वर प्रसाद वर्मा, सहायक शिक्षक पंचायत के आवेदन पत्र– B.Com. (Part I,II,III) वर्ष एवं एम.काम. (पूर्व एवं अंतिम) वर्ष की अंकसूची के समर्पण को स्वीकार करने पर विचार करना।

निर्णय : **टाकेश्वर प्रसाद वर्मा, सहायक शिक्षक पंचायत के आवेदन पत्र– B.Com. (Part I,II,III) वर्ष एवं एम.काम. (पूर्व एवं अंतिम) वर्ष की अंकसूची के समर्पण का कारण ज्ञात करने हेतु निर्देशित किया गया।**

प्रशासन से संबंधित प्रस्ताव :–

11. विश्वविद्यालय के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन के अतिरिक्त दिये जा रहे पारिश्रमिक से संबंधित अतिरिक्त भुगतान संबंधी आदेशों को निरस्त करने बाबत्।

निर्णय : **विश्वविद्यालय के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन के अतिरिक्त दिये जा रहे पारिश्रमिक से संबंधित अतिरिक्त भुगतान संबंधी आदेशों का पुनः परीक्षण कर आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।**

12. विश्वविद्यालय परिसर स्थित माँ बंजारी देवी मंदिर के भली–भाँति संचालन हेतु प्रस्तुत न्यास विलेख में विधिक अभिमत के पश्चात् अनुशंसा के संबंध में विचार करने बाबत्।

निर्णय : **विश्वविद्यालय परिसर स्थित माँ बंजारी देवी मंदिर के भली–भाँति संचालन हेतु प्रस्तुत न्यास विलेख में विधिक अभिमत के पश्चात् अनुशंसा का अनुमोदन किया गया।**

13. डॉ. रोहिणी प्रसाद, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला को धारणाधिकार स्वीकृति के संबंध में।

निर्णय : **अर्थशास्त्र अध्ययन शाला के प्राध्यापक डॉ. रोहिणी प्रसाद को सरगुजा विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर में कुलपति नियुक्त होने के फलस्वरूप उनके द्वारा प्राप्त आवेदन को मान्य करते हुए कार्यमुक्त होने की तिथि 11.07.2017 से पाँच वर्ष के लिए धारणाधिकार की स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

**अकादमिक विभाग से संबंधित प्रस्ताव :–**

14. विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 25 वीं बैठक दिनांक 19.04.2017 में लिए गये निर्णयों पर विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय : **विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 25 वीं बैठक दिनांक 19.04.2017 में लिए गये निर्णय के अनुसार पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रस्ताव क्र. 3 के अंतर्गत अध्यादेश क्र. 11 एवं परिनियम 2 को मान्य किये जाने सूचना ग्रहण किया गया।**

15. अध्यादेश क्रमांक 180 L.L.B. Three Year Law Degree Course (Semester System) में संशोधन प्रस्ताव पर विचार करना।

निर्णय : **अध्यादेश क्रमांक 180 L.L.B. Three Year Law Degree Course (Semester System) में संशोधन को मान्य कर समन्वय समिति में प्रेषित किये जाने हेतु अनुमोदन किया गया।**

## पूरक विषयसूची

16. विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 05.08.2017 के कार्यवृत का अनुमोदन करना ।

निर्णय : **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 05.08.2017 के कार्यवृत का अनुमोदन किया गया।**

17. सेंटर फार बेसिक साइंस एवं कम्प्यूटर साइंस में सहायक प्राध्यापक के साक्षात्कार में शामिल नहीं करने पर माननीय उच्च न्यायालय बिलासुपर में प्रकरण क्रमांक 447/2017, 1976/2017, 1687/2017 पर पारित निर्णय दिनांक 16.08.2017 पर विचार करना।

निर्णय : **माननीय उच्च न्यायालय बिलासुपर में प्रकरण क्रमांक 447/2017, 1976/2017, 1687/2017 पर पारित निर्णय दिनांक 16.08.2017 के अनुसार शिक्षकों के रिक्त पद पर गठित चयन समिति के द्वारा दिनांक 24.04.2017 को आयोजित साक्षात्कार में की गई अनुशंसा संबंधी लिफाफा खोला गया तथा निम्नानुसार चयनित प्रत्याशी की नियुक्ति हेतु मान्य किया गया। यह नियुक्ति उपरोक्तानुसार माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन होगा –**

| Interview Date | Subject | Post | Name | With Effect From |
|---|---|---|---|---|
| 24-04-2017 | English Center for Basic Science | Assistant Professor (UR) | Ms. Smita Sharma - **Selected**<br>**Waiting List :-**<br>1. Ms. Shilpi Bhattacharya | |

18. नेशनल इन्फर्मेटिक्स सेंटर (एन.आई.सी.) छत्तीसगढ़ से प्राप्त प्रोफार्मा इनवाइस में तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए रू. 8,15,472.00 (आठ लाख पन्द्रह हजार चार सौ बहत्तर मात्र) भुगतान किये जाने के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : नेशनल इन्फर्मेटिक्स सेंटर (एन.आई.सी.) छत्तीसगढ़ से प्राप्त प्रोफार्मा इनवाइस में तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए रू. 8,15,472.00 (आठ लाख पन्द्रह हजार चार सौ बहत्तर मात्र) भुगतान किये जाने का अनुमोदन किया गया।**

19. वित्तीय वर्ष 2010–11 के अंकेक्षण प्रतिवेदन पर विचार करना।

**निर्णय : वित्तीय वर्ष 2010–11 के अंकेक्षण प्रतिवेदन पर विचार करते हुए 1 माह के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का अनुमोदन किया गया।**

20. इतिहास अध्ययनशाला में नियुक्त प्राध्यापक, डॉ. अमित कुमार पाण्डेय, के पदभार ग्रहण करने हेतु अतिरिक्त समय प्रदान करने संबंधी आवेदन दिनांक 25.07.2017 पर विचार करना।

**निर्णय : इतिहास अध्ययनशाला में नियुक्त प्राध्यापक, डॉ. अमित कुमार पाण्डेय, के पदभार ग्रहण करने हेतु अतिरिक्त समय 30 सितम्बर तक प्रदान किये जाने की अनुमोदन किया गया।**

## अध्यक्ष के अनुमति से अन्य निर्णय

**21.** **छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्र. एफ 18–4/2017/38–2 दिनांक 22.08.2017 एवं पत्र क्र. एफ 18–4/2017/38–2 दिनांक 24.08.2017 छात्र संघ का गठन नामिनेशन प्रक्रिया के अंतर्गत लिये जाने का निर्णय लिया गया है।**

**इस संबंध में समस्त विश्वविद्यालय, शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया दिनांक 05.09.2017 तक, पत्र में संलग्न Amendement to Amended Ordinance-1 के अनुसार पूर्ण किये जाने का अनुमोदन किया गया।**

**22.** **NCNR Project के अंतर्गत दो Post Doctoral Fellowship दिये जाने का अनुमोदन किया गया, जिसका मानदेय एवं योग्यता संविदा नियुक्ति के तहत निर्धारित योग्यता एवं पारिश्रमिक के अनुसार देय होगा।**

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक संपन्न हुई।

**कुलपति**
**अध्यक्ष**

**कुलसचिव**
**सचिव**

पृ. क्रमांकः 4737 /अका./का.प./**2017** रायपुर, दिनांक : 24/**08**/**2017**

**प्रतिलिपि :–**

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
3. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला/समस्त विभागीय अधिकारी,
4. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/जनसंपर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
5. वित्त नियंत्रक/प्रभारी, अंकेक्षण,
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**उप कुलसचिव (अका.)**